Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to sanction 2000 crore rupees to flood way water project in Andaman and Nicobar Islands so as to solve water problem.

श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह): परम आदरणीय स्पीकर सर, सबसे पहले तो मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा और सभी ऑनरेबल मैम्बर्स के लिए कोरोना से बचने के लिए आपने जो सुविधा सदन के अंदर की है, उसके लिए आप बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं।

सर, मैं बहुत ही दु:ख के साथ अंडमान और निकोबार की जनता की एक ऐसी प्रॉब्लम आपके माध्यम से सरकार के सामने लाना चाहता हूँ, जिसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज हमारे पूरे देश के साथ-साथ अंडमान निकोबार आईलैंड कोरोना महामारी से पीड़ित है। अंडमान निकोबार की जनता कोरोना के साथ-साथ और भी एक बहुत बड़ी समस्या से जूझ रही है और वह समस्या पानी की समस्या है। यह बहुत ही दु:ख की बात है कि हर साल तीन हजार मिलीमीटर बारिश होते हुए भी वहाँ पानी की समस्या है।

सर, हम सब को पता है कि अंडमान निकोबार सिस्मिक जोन-5 में आता है और वहां पर सुनामी, अर्थक्वेक और साइक्लोन हमेशा आता रहता है। वहां पर एक ही डैम है, भगवान न करे अगर वह डैम कभी टूट गया, तो वहां के लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिलेगा। जब मार्च से अगस्त तक लॉकडाउन था, तब कोरोना के साथ-साथ पानी की भी बहुत बड़ी समस्या थी। लोगों को सात दिन में एक बार पानी मिलता था और वह भी पन्द्रह मिनट के लिए। लॉकडाउन के कारण लोग घर से बाहर भी नहीं जा पाते थे।

सर, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह रिक्वेस्ट करता हूँ कि फ्लड बे वाटर प्रोजेक्ट, जिसका सर्वे आज से करीब 22 साल पहले 1998 में 287 लाख रुपये से हुआ था, इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए करीब दो हजार करोड़ रुपये का फंड सैंक्शन किया जाए, क्योंकि अंडमान निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन को भारत सरकार से हर साल करीब 5000 करोड़ रुपये का फंड मिलता है, जो बाकी कामों खर्च हो जाता है। मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट करता हूँ कि इस प्रोजेक्ट को पूरा

करने के लिए 2000 करोड़ रुपये दिए जाएं, जिससे तीन लाख लोगों की 10 साल तक पानी की प्रॉब्लम सॉल्व हो जाएगी। सब को पता है कि अंडमान निकोबार एक टूरिज्म की जगह है और इससे टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और जितने भी अनएम्प्लॉयड यूथ हैं, उनकी प्रॉब्लम सॉल्व होगी। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुनील कुमार पिन्टू – उपस्थित नहीं।

श्री रमेश बिधूड़ी।